| Article Date | Headline / Summary | Publication |
|---|---|---|
| 30 May 2026 | एक चिंगारी और सब कुछ राख! क्यों हर घर के  लिए जरूरी है होम इंश्योरेंस; एक्सपर्ट ने बताया। | Jagran |

## एक चिंगारी और सब कुछ राख! क्यों हर घर के लिए जरूरी है होम इंश्योरेंस; एक्सपर्ट ने बताया।




आज के समय में होम इंश्योरेंस बहुत ही जरूरी है। कई बार होता है कि आग लगने की वजह से घर जलकर राख हो जाता है। ऐसे में अगर आपके पास होम इंश्योरेंस रहेगा त ...और पढ़ें

HighLights

होम इंश्योरेंस आग, प्राकृतिक आपदाओं से घर को बचाता है।

यह घर की संरचना और कीमती सामान को कवर करता है।

वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर मुश्किल समय में मदद करता है।

नई दिल्ली। घर हमारी जिंदगी की सबसे कीमती संपत्ति ही नहीं, बल्कि सपनों का आशियाना भी होता है। घर वह जगह है जहां हम न केवल आर्थिक रूप से निवेश करते हैं, बल्कि घर से हमारी खट्टी-मीठी यादें जुड़ी होती हैं। लेकिन अगर अचानक से आग लग जाए या कोई विनाशकारी घटना हो जाए, तो आपकी पूरी गृहस्थी खतरे में आ सकती है।

होम इंश्योरेंस की अहमियत हमें तब समझ आती है , जब अचानक से आग लगने जैसी दुर्घटना हो जाती है , क्योंकि संकट के समय यह आपको सबसे मज़बूत आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। जिस तरह से पूरे भारत में दिनोंदिन घर की कीमतों में इज़ाफा हो रहा है और घरेलू सामान की कीमतें भी बढ़ रही हैं, ऐसे में हर मकान मालिक के लिए होम इंश्योरेंस की सुरक्षा बेहद अहम है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अनुसार अचानक से आग लगने की लगभग 60% घटनाओं की मुख्य वजह होती है बिजली में खराबी, जैसे कि शॉर्ट सर्किट, ओवरहीटिंग और ओवरलोडिंग। आग लगने से भयानक तबाही हो सकती है। यह न केवल आपको आर्थिक रूप से उजाड़ सकती है , बल्कि आपकी यादों की हर निशान को मिटा सकती है। इसलिए हर मकान मालिक के लिए बेहद ज़रूरी है कि वे आग से होने वाले खतरों से अपने घर-परिवार को हरदम सुरक्षित रखें।

होम इंश्योरेंस में

**घर की कीमत और फायर इंश्योरेंस का चयन करना**

अपने घर के लिए एक उपयुक्त इंश्योरेंस कवर चुनते समय सबसे यह पहले देखें कि इसे दोबारा बनवाने में कितना खर्च आ सकता है। इसमें घर की आंतरिक संरचना सहित अपने घरेलू सामान जैसे कि फर्नीचर, अप्लायंसेस, इलेक्ट्रॉनिक्स और निजी सामानों को भी जोड़ दें।

होम इंश्योरेंस आपके घर की इमारत, उसके भीतर के स्थायी इंटीरियर के साथ-साथ सभी मूल्यवान चीज़ों को भी कवर कर सकता है , जिससे कि आपको एक व्यापक सुरक्षा मिलती है। एक बात आपको हमेशा ध्यान रखनी चाहिए कि समय के साथ घर में कई मूल्यवान वस्तुएं जमा हो जाती हैं, ऐसे में कवरेज चुनते समय इनकी असली कीमत का आकलन करना बेहद ज़रूरी है।

होम इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने की एक मज़बूत वजह यह भी है कि यह कई तरह के जोखिमों को कवर करती है। आमतौर पर ये पॉलिसियां प्राकृतिक आपदा जैसे कि आग, बिजली गिरना, बाढ़ और तूफान सहित मानव-निर्मित घटना जैसे कि चोरी, जानबूझकर किया गया नुकसान, दंगे और अचानक हुई क्षति से आपको मज़बूत सुरक्षा प्रदान करती हैं। इस व्यापक सुरक्षा से यह बात पक्की होती है कि जब भी आपके सामने ऐसी कोई विकट स्थिति आएगी, तब आपको आर्थिक बोझ अकेले नहीं उठाने पड़ेंगे।

होम इंश्योरेंस में मकान की संरचना के साथ-साथ कई मूल्यवान चीज़ें जैसे कि आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, कलाकृतियां और घरेलू सामान भी कवर किए जाते हैं। इसके अलावा, कवरेज में यात्रा के दौरान सामान गुम हो जाने या क्षतिग्रस्त होने जैसी चीज़ों को कवर भी किया जाता है। होम इंश्योरेंस मरम्मत के लिए कवरेज पेश करने के साथ-साथ आपको अस्थायी आवास की भी सुविधा देता है। और तो और अगर आपका घर मरम्मत किया जा रहा हो और यह रहने लायक न हो, तब भी आपको किराए का जो नुकसान होता है वह उसकी भरपाई करता है।

होम इंश्योरेंस जल्द से जल्द घर की मरम्मत करवाने या इसे दोबारा बनवाने में आपकी मदद करता है , ताकि परिवार को मुश्किल वक्त से बाहर आने में आसानी हो। अगर आप अपनी संपत्ति के साथ इसकी तुलना करें, तो पाएंगे कि इसका प्रीमियम बेहद किफायती है , इसलिए यह आपके लिए एक बेहद फायदेमंद सौदा है।

संक्षेप में, होम इंश्योरेंस न केवल आपकी मेहनत से कमाई गई संपत्ति की रक्षा करता है , बल्कि किसी भी तरह का नुकसान होने पर आपकी ज़िंदगी दोबारा पटरी पर लौटे, इस बात का भी ख्याल रखता है। परिश्रम से बनाई गई अपनी संपत्ति की रक्षा करने का यह सबसे स्मार्ट तरीका है। आम तौर पर, प्रीमियम की राशि 10 रुपये प्रति लाख के कवरेज से शुरू होती है , जो पॉलिसी और संरचना और उसमें मौजूद सामग्री दोनों की सुरक्षा के लिए चुने गए व्यापक दायरे पर निर्भर करती है ।

Explainer: फ्लैट में लग जाए आग, तो लाखों-करोड़ के नुकसान की भरपाई कौन करेगा? बिल्डर, RWA या इंश्योरेंस कंपनी?

जिस तरह से आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, मौसम में तेज़ बदलाव हो रहे हैं और प्रॉपर्टी की कीमतों में इज़ाफा देखने को मिल रहा है , वैसे में होम इंश्योरेंस पहले से कहीं ज़्यादा अहम हो गया है। घर की संरचना और इसमें मौजूद मूल्यवान सामानों की सुरक्षा करना भी उतना ही जरूरी है , जितना कि अपने स्वास्थ्य और वाहन की सुरक्षा के लिए इंश्योरेंस खरीदना।

आग लगने पर एक मज़बूत होम इंश्योरेंस पॉलिसी सुनिश्चित करती है कि कोई बड़ा आर्थिक नुकसान झेले बिना आप दोबारा घर बनवा पाएं और ज़रूरी सामानों के लिए भी आपको उचित भरपाई मिले। जैसे-जैसे इंश्योरेंस के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ रही है और पॉलिसी खरीदना और समझना आसान हो गया है , वैसे-वैसे मकान मालिक होम इंश्योरेंस की अहमियत समझने लगे हैं। नए दौर के मकान मालिक समझ चुके हैं कि होम इंश्योरेंस सिर्फ एक सुरक्षा कवच नहीं, बल्कि एक ज़रूरत भी है।

मकान मालिकों को सूझबूझ के साथ इंश्योरेंस कवरेज चुनना चाहिए और समझना चाहिए कि जिस संपत्ति की वे रक्षा कर रहे हैं उसकी असली कीमत कितनी है। इससे वे अचानक से आग लगने जैसी घटनाओं के दौरान पहले से ही आर्थिक रूप से तैयार रहेंगे। इस सुरक्षा कवच के साथ मकान मालिक जल्द से जल्द न केवल अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में लौट पाएंगे, बल्कि आर्थिक रूप से भी उन्हें कोई भारी झटका महसूस नहीं होगा।

लेखक- गुरदीप सिंह बत्रा (हेड-कमर्शियल अंडरराइटिंग, रिस्क इंजीनियरिंग और ग्लोबल अकाउंट, बजाज जनरल इंश्योरेंस)